# महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 37 वर्ष 1995 द्वारा स्थापित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) की धारा 2(f) के अन्तर्गत सूचीबद्ध


क्रमांकः ..................... दिनांकः .....................

## कार्यवृत्त (Minutes)

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक दिनांक 15/01/2025 दिन बुधवार को समय अपरांह 03:30 बजे विश्वविद्यालय के मुख्यालय ब्रह्मस्थान करौंदी, पोस्ट- महनेर, जिला कटनी (म.प्र.) में संपन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा | - | कुलगुरु | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. प्रलय कुमार नंदा | - | | सदस्य |
| 3. | डॉ. अशोक सिंह चौहान | - | | सदस्य |
| 4. | श्री अरविन्द सिंह | - | | सदस्य |
| 5. | प्रो. मानवेन्द्र पाण्डेय | - | | सदस्य |
| 6. | प्रो. शशि ओझा | - | | सदस्य |
| 7. | डॉ. राघवेंद्र सिंह कलचुरी | - | | सदस्य |
| 8. | डॉ. नित्येश्वर चतुर्वेदी | - | | सदस्य |
| 9. | डॉ. आलोक चंद्र परिडा | - | | सदस्य |
| 10. | श्री सीमांत शर्मा | - | | सदस्य |
| 11. | कु. सोनम पटेल | - | | सदस्य |
| 12. | डॉ. मनीष पुरोहित | - | | सदस्य |
| 13. | श्री राजेश व्योहार | - | | सदस्य |
| 14. | डॉ. सूरज पाण्डेय | - | | समन्वयक |

बैठक की कार्यवाही के प्रारंभ में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही पर बिंदुवार विचार-विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिए गए-


मुख्यालयः- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी (मध्यप्रदेश)-483332 •फोन नं. 9425865180, 9981171634
प्रशासनिक कार्यालयः- लमती, विजय नगर, जबलपुर (मध्य प्रदेश)-482002 •फोन नं. 0761-2637213, 2637217, 9752042827
• E-mail : mmyvvregistrar@gmail.com, svcmmyvv@gmail.com • Website : www.mmyvv.org

**पद क्र. 1-** आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक दिनांक 10/09/2024 के कार्यवृत्त का संपुष्टीकरण।

**निर्णय-** संपुष्टि की गई।

**पद क्र. 2-** विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का विवरण सूचनार्थ प्रस्तुत है-

(1) विश्वविद्यालय में दिनांक-14सितंबर से 02अक्टूबर,2024**तक 'स्वच्छता पखवाड़ा'** का आयोजन किया गया । इस दौरान विश्वविद्यालय के साथ-साथ उमरिया पान, करौंदी तथा सिहोरा रेलवे स्टेशन के सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता की गई ।

(2) विश्वविद्यालय द्वारा 09 एवं 10 नवंबर, 2024 को जम्मू और कश्मीर में विज्ञान परिषद एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधानमें आयोजित **'द्विदिवसात्मकअंतरराष्ट्रीय वैदिक सम्मेलन'**में तथा दिनांक 15से 18 नवंबर, 2024 को **'प्रथम महाकौशल विज्ञान मेला, जबलपुर'** में विश्वविद्यालय ने सहभागिता की।

(3) विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक-09दिसंबर से 19 दिसंबर, 2024 तक महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा में व्यावसायिक विकास केंद्र (CPDHE), दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में **दस दिवसीय राष्ट्रीय शोध प्रविधि कार्यशाला** का आयोजन किया गया।

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 37 वर्ष 1995 द्वारा स्थापित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) की धारा 2(f) के अन्तर्गत सूचीबद्ध

क्रमांकः ....................                                        दिनांकः ....................

(4) विश्वविद्यालय में दिनांक 11 दिसंबर, 2024 को वेद विज्ञान संकाय द्वारा गीता जयंती महोत्सव पर **'गीता जयंती व्याख्यान माला एवं सामूहिक गीता पाठ'** का आयोजन किया गया।

(5) विश्वविद्यालय में 21 दिसंबर, 2024 को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर **'प्रथम विश्व ध्यान दिवस'** मनाया गया ।

(6) विश्वविद्यालय में दिनांक 26दिसंबर, 2024 को विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग द्वारा **'ज्योतिष एवं कृषि विज्ञान का अंतःसंबंध'** विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

(7) दिनांक- 24से28दिसंबर2024को कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित 'अखिल भारतीय विश्वविद्यालय योगासन एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता' में विश्वविद्यालय की योगासन एवं तीरंदाजी टीमों ने प्रतिभागिता की।

(8) विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 21 नवंबर 2024 को **'झलकारी बाई जयंती'**, दिनांक 24 दिसंबर, 2024 को 'वीर बाल दिवस' तथा 06 जनवरी, 2025 को 'गुरु गोविंद सिंह' की जयंती पर व्याख्यान, झांकी एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

(9) वैदिक विश्वविद्यालय में महर्षि जी के 108 वें अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित "महर्षि ज्ञान युग दिवस" के उपलक्ष्य में माननीय कुलगुरु महोदय के निर्देशन में **"महर्षि सामाजिक उत्थान अभियान"** का शुभारंभ दिनांक 02 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को किया । इस

मुख्यालयः- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी (मध्यप्रदेश)-483332 •फोन नं. 9425865180, 9981171634
प्रशासनिक कार्यालयः- लमती, विजय नगर, जबलपुर (मध्य प्रदेश)-482002 •फोन नं. 0761-2637213, 2637217, 9752042827
• E-mail : mmyvvregistrar@gmail.com, svcmmyvv@gmail.com • Website : www.mmyvv.org

दौरान उमरिया पान के थाना से कटरा बाजार सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति तक भव्य पदयात्रा निकाली गई।

(10) विश्वविद्यालय में 'महर्षि ज्ञान युग दिवस' के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया-

| क्र सं. | दिनांक | आयोजन |
|---|---|---|
| 1. | 07 जनवरी, 2025 | महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में का आयोजन'रक्तदान शिविर' और 'वृक्षारोपण कार्यक्रम' का आयोजन |
| 2. | 08 जनवरी, 2025 | **'वैदिक मंत्रपाठ प्रतियोगिता'** का आयोजन |
| 3. | 09 जनवरी, 2025 | **'कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता'**का आयोजन |
| 4. | 10 जनवरी, 2025 | **'वैदिक संरचना प्रतियोगिता'**का आयोजन |
| 5. | 11 जनवरी, 2025 | **'योगासन प्रतियोगिता'**का आयोजन |
| 6. | 11 जनवरी, 2025 | **'क्रिकेट प्रतियोगिता'**का आयोजन |

(11) विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए-

| क्रम सं. | दिनांक | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 20 सितंबर, | करौंदी गांव में**'पर्यावरण संरक्षण** |

क्रमांकः .....................                                   दिनांकः .....................

| | | |
|---|---|---|
| | 2024, | **एवं संवर्धन कार्यक्रम'** का आयोजन |
| 2. | 30 सितम्बर, 2024 | **'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम'** का आयोजन |
| 3. | 01 दिसम्बर, 2024 | विश्व एड्स दिवस पर **'एड्स जागरूकता अभियान'**का आयोजन |
| 4. | 05 दिसंबर, 2024 | **'स्वच्छता जागरूकता अभियान'** का आयोजन |

**पद क्र. 3** विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : उन्मुखीकरण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम' पर विचार।

**निर्णय-** विश्वविद्यालय में दिनांक 18 फरवरी, 2025 से 28 फरवरी, 2025 तक माननीय कुलगुरु के मार्गदर्शन में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : उन्मुखीकरण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम' आयोजित किए जाने की संपुष्टि की गई।

**पद क्र. 4** विश्वविद्यालय में 'कम्युनिटी रेडियो स्टेशन' स्थापित किए जाने पर विचार।

**निर्णय-** महर्षि सामाजिक उत्थान अभियान के क्रमिक विस्तार एवं प्रसार हेतु विश्वविद्यालय में कम्युनिटी रेडियो स्टेशन की स्थापित किए जाने की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई। कुलगुरु के निर्देशानुसार इससे संबंधित कार्यों के निष्पादन का दायित्व डॉ. सूरज पाण्डेय को दिया गया।

**पद क्र. 5** विश्वविद्यालय के AQAR की तैयारी पर विचार विमर्श।

**निर्णय-** विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा वार्षिक अकादमिक गतिविधियों एवं विश्वविद्यालय में की गई विस्तार गतिविधियों के संकलन किए जाने का निर्णय लिया गया।

**पद क्र. 6** शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा एवं प्रतिवेदन पर विचार।

**निर्णय-** प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा की गई एवं डिजिटल माध्यम से प्रचार-प्रसार किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**पद क्र.7** विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित किये जाने पर विचार।

निर्णय- संपुष्टि की गई।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ